हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जून 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत, 62 गांवों में बच्चों को पिलाई...

10 दो करोड़ की लागत से बनेगी 100 साल पुराने...


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

हादसा

राउरपुर में कच्ची दीवार ढहने से दो मासूम बहनों ने तोड़ा दम

# ब्लैक संडे: कुछ ही घंटों में चार मौतों से दहला बेमेतरा जिलेभर में पसरा मातम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार का दिन बेमेतरा जिले के लिए 'ब्लैक संडे' साबित हुआ। जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए दो भीषण हादसों ने चार परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। एक ओर सैगोना के पास ट्रक की चपेट में आने से ग्राम कन्हेरा के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर राउरपुर गांव में कच्ची दीवार ढहने से दो मासूम बहनों की जिंदगी मलबे में दबकर खत्म हो गई। इन दोनों घटनाओं ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया और हर ओर मातम का माहौल छा गया।

## सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

इन दोनों हादसों ने सड़क सुरक्षा और जर्जर भवनों की स्थिति को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर तेज रफ्तार और लापरवाही सड़क हादसों का कारण बन रही है, तो दूसरी ओर बरसात के मौसम में जर्जर कच्चे मकान और दीवारें लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते कमजोर भवनों की पहचान कर उनकी



मरम्मत अथवा हटाने की कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में भी ऐसे हादसे दोहराए जा सकते हैं।

## प्रशासन से कार्रवाई की उम्मीद

जिलेवासियों ने दोनों घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाने तथा जर्जर भवनों और कच्ची दीवारों का तत्काल सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी परिवार को ऐसी असहनीय त्रासदी का सामना न करना पड़े। रविवार का यह 'ब्लैक संडे' लंबे समय तक जिले की स्मृतियों में एक दर्दनाक दिन के रूप में याद किया जाएगा।

## बुआ भी गंभीर रूप से घायल

पहली हृदयविदारक घटना ग्राम राउरपुर में सामने आई, जहां घर के पास बर्तन मांज रही दो मासूम बहनें अचानक कच्ची दीवार ढहने से मलबे में दब गईं। जानकारी के अनुसार वंशिक कोशले (12 वर्ष) और राधिका कोशले (10 वर्ष) घर के समीप बर्तन साफ कर रही थीं। तभी पास की पुरानी और जर्जर कच्ची दीवार भरभराकर गिर पड़ी। हादसे की आवाज सुनकर ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर दोनों बच्चियों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस हादसे में बच्चियों की बुआ सशिकला खंडेलवाल भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में दीवार के अत्यधिक जर्जर होने के कारण उसके ढहने की आशंका जताई जा रही है।

## सैगोना के पास ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत

दूसरी घटना रविवार दोपहर सैगोना के पास हुई। ग्राम कन्हेरा निवासी मुकेश चंद्राकर (21 वर्ष) और विनोद ध्रुव (28 वर्ष) मोटरसाइकिल से बेमेतरा से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुकेश चंद्राकर ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल विनोद ध्रुव को जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन शाम करीब चार बजे उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। दोनों युवकों की असमय मौत से ग्राम कन्हेरा में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को कुछ ही घंटों के भीतर जिले के अलग-अलग हिस्सों में हुई इन दो बड़ी दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत ने पूरे बेमेतरा को गहरे सदमे में डाल दिया। कन्हेरा और राउरपुर दोनों गांवों में मातम पसरा हुआ है। मृतकों के परिजनों के घरों में चीख-पुकार मची रही और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना रहा।

## कारेसरा मोड़ के पास सड़क हादसा, पति-पत्नी गंभीर घायल



**बेमेतरा।** जिले के कारेसरा मोड़ के पास रविवार को हुए एक सड़क हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पहले जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बहेरघट निवासी रामायण अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान कारेसरा से आगे सैगोन मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर घूमने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एलआईसी झोपड़ी बिल्डिंग के पास युवक अपने पास धारदार हथियार लेकर भीड़ में घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सेक्टर-6, एफ मार्केट, भिलाई नगर निवासी मोहम्मद सलाउद्दीन होना बताया है। युवक के पास से पुलिस ने लोहे का धारदार हथियार जब्त किया है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि किसी भी धार्मिक, सामाजिक अथवा सार्वजनिक आयोजन में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करे।

### गांजा तस्कर और बेचने वाले दो युवकों पकड़ाए

**भिलाई।** गांजा तस्करी और बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया रोड, पुलगांव, दुर्ग के पास से युवक को पकड़ा गया। अपने पास गांजा रखकर ग्राहक की तलाश में था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम कुन्दरापारा, पोटियाकला पदमनाभपुर निवासी ओमकार यादव बताया है। बयान में ओमकार ने पुलिस को बताया कि अपने दोस्त टिटलागढ़, ओडिशा, हाल मुकाम गैलेक्सी हाइट्स, बोरसी मोहन कुम्हार के साथ मिलकर गांजा का कारोबार करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 2.992 किलोग्राम गांजा,नगदी रकम जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1.50 लाख 200 रुपये आंकी गई है। दोनों युवक अटल आवास बोरसी पानी टंकी के पास खड़ी खराब कार में गांजा की पुड़िया बनाकर तैयार कर बेचने की फिराक में थे।

### सिकलिंग पीड़ित युवती की मौत मामले में संविदा टेक्नीशियन बर्खास्त

**भिलाई।** जिला अस्पताल में स्टेशन मरोदा निवासी सिकलिंग पीड़िता युवती दीपिका गाड़ा की मौत मामले में जिम्मेदारों को बचाने का खेल चल रहा है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने जिला रेडक्रास के सचिव की हैसियत से जांच रिपोर्ट के आधार पर संविदा में कार्यरत लैब टैक्नीशियन तरन्नुम जहां को बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं इस मामले में जांच टीम की पहली रिपोर्ट में सिविल सर्जन सहित 9 लोगों को जिम्मेदार माना गया।


# मदिरा प्रेमियों को राहत: प्रीमियम वाइन शॉप में लगे दो नए फ्रीजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में भीषण गर्मी और उमस के बीच जहां आमजन मानसून की बेरुखी से परेशान हैं, वहीं मदिरा प्रेमियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। आबकारी विभाग ने उपभोक्ताओं की लगातार मिल रही मांग और शिकायतों को ध्यान में रखते हुए बेमेतरा स्थित प्रीमियम वाइन शॉप में दो नए डीप फ्रीजर स्थापित कराए हैं। इससे अब ग्राहकों को पर्याप्त मात्रा में ठंडी बियर उपलब्ध हो सकेगी और पहले की तरह ठंडी बियर के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

■ अब ठंडी बियर की उपलब्धता बढ़ेगी, मांग और शिकायतों के बाद आबकारी विभाग ने उठाया कदम

जानकारी के अनुसार, गर्मी के मौसम में प्रीमियम वाइन शॉप पर ठंडी बियर की मांग में लगातार वृद्धि हो रही थी। सीमित फ्रीजर क्षमता के कारण सभी ब्रांड की बियर को एक साथ ठंडा रखना संभव नहीं हो पा रहा था। इस वजह से कई बार ग्राहकों को सामान्य तापमान वाली बियर खरीदनी पड़ती थी, जिससे वे असंतुष्ट थे। इस संबंध में विभाग को



लगातार शिकायतें और मांग प्राप्त हो रही थीं। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आबकारी विभाग ने प्रीमियम वाइन शॉप में तीन अतिरिक्त फ्रीजर उपलब्ध कराए हैं। नए फ्रीजर शुरू होने के बाद अब पहले की तुलना में अधिक मात्रा में बियर को ठंडा रखा जा सकेगा, जिससे ग्राहकों को उनकी पसंद की ठंडी बियर आसानी से उपलब्ध होगी।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। गर्मी के मौसम में ठंडी बियर की मांग को देखते हुए फ्रीजर की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, ताकि ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वहीं, प्रीमियम वाइन शॉप पर पहुंचे कई ग्राहकों ने भी इस व्यवस्था का स्वागत किया। उनका कहना है कि पहले पर्याप्त फ्रीजर नहीं होने के कारण कई बार ठंडी बियर उपलब्ध नहीं हो पाती थी, लेकिन अब नई व्यवस्था से काफी राहत मिलेगी।

### महामाया मंदिर के पीछे जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** सिटी कोतवाली पुलिस ने जुआ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम पथर्रा स्थित बड़ा तालाब के पास महामाया मंदिर के पीछे सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6,200 नगद और 52 पत्ती ताश की गड्डी जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 27 जून 2026 को थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पथर्रा में बड़ा तालाब स्थित महामाया मंदिर के पीछे कुछ लोग रुपये-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जबकि पांच आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में केदार साहू (54 वर्ष), मनोज यदु (50 वर्ष), दिलेश्वर साहू (26 वर्ष), गुनीराम साहू (47 वर्ष) एवं मनोज देवांगन (30 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम पथर्रा, थाना एवं जिला बेमेतरा के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ 6,200 नकद व ताश की गड्डी जब्त

# विधायक दीपेश ने किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर रविवार को 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु (एमसीएच) अस्पताल, बेमेतरा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया।

■ 100 बिस्तर एमसीएच अस्पताल से जिलेभर में अभियान की शुरुआत

मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया तथा जिलेवासियों से अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। कार्यक्रम में पार्षद सुश्री नीतु कोठारी,गौरव साहू, निखिल साहू, चांदनी रोशन दत्ता, रवि मुलवानी, महेश साहू, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू, नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े, जिला कार्यक्रम प्रबंधक



सुश्री लता बंजारे, आरएमएनसीएच सलाहकार, एनसीडी डाटा मैनेजर, आईडीएसपी, वीबीडीटीएस सुपरवाइजर, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी- कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

**96 हजार से अधिक बच्चों तक पहुंचेगा अभियान:** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 96,085 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पूरे जिले में 801 पोलियो बूथ स्थापित किए ▶▶| शेष पेज 11 पर

## हर बच्चे तक पहुंचे पोलियो की दो बूंद : विधायक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान बच्चों के स्वस्थ, सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि भारत ने पोलियो जैसी गंभीर बीमारी पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक की निरंतर सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी माता-पिता एवं अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं। कोई भी बच्चा इस अभियान से छूटना नहीं चाहिए। **अभियान की निगरानी के लिए विशेष टीम गठित:** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक निगरानी एवं निरीक्षण हेतु अधिकारियों की टीम गठित की गई है। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि सभी लक्षित बच्चों तक समय पर पोलियो की खुराक पहुंचाई जा सके। उन्होंने बताया ▶▶| शेष पेज 11 पर

राज्यस्तरीय समारोह में किया सम्मान, आपातकाल के संघर्षों को किया याद

# लोकतंत्र के काले दिवस पर लोकतंत्र सेनानी हृदयनारायण निर्वाणी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश में लगाए गए आपातकाल के 51वें वर्ष को "लोकतंत्र के काले दिवस" के रूप में स्मरण करते हुए राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा हेतु संघर्ष करने वाले मीसा बंदियों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों तथा उनके परिजनों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश कुमार, लोकतंत्र सेनानी आंदोलन के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा विभिन्न जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में बेमेतरा नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकतंत्र



सेनानी हृदयनारायण निर्वाणी का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मान के दौरान उनके साथ उनकी पुत्रवधू एवं भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए मीसा बंदियों एवं उनके परिजनों ने भाग लेकर आपातकालीन संघर्ष की स्मृतियों को साझा किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि, आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उस दौर में संविधान की आत्मा को कुचलने का प्रयास किया गया, लेकिन लोकतंत्र सेनानियों और राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं के संघर्ष ने लोकतंत्र की लौ बुझने नहीं दी। आज हम उन सभी सेनानियों को नमन करते हैं जिन्होंने जेल की यातनाएं सहकर भी राष्ट्र और लोकतंत्र की रक्षा की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई से परिचित कराना आवश्यक है ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति समाज सदैव सजग रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि लोकतंत्र सेनानी हमारे राष्ट्रीय गौरव हैं। सत्ता के अहंकार के सामने जिन्होंने अपने अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा,आपातकाल केवल राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक परीक्षा थी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिजनों के सम्मान में सहभोज का ▶▶| शेष पेज 11 पर

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN
2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### उद्योग से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती हुई ग्रामीण महिलाएं

दुर्ग। जिले के ग्राम पंचायत ननकट्ठी की विद्यावती चौधरी ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर उन्होंने न केवल अपने जीवन को नई दिशा दी, बल्कि गांव की अनेक महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाया। आराध्या स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष एवं एफएलसीआरपी के रूप में कार्यरत विद्यावती चौधरी ने समूह की बचत एवं ऋण राशि का उपयोग करते हुए चावल पापड़ निर्माण और सिलाई केंद्र की शुरुआत की। प्रारंभ में यह कार्य छोटे स्तर पर शुरू हुआ, जहां समूह की महिलाएं घर-आंगन में मिलकर पापड़ तैयार करती थीं। सीमित संसाधनों के बावजूद महिलाओं ने मेहनत, लगन और गुणवत्ता को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। प्रतिदिन महिलाएं एकत्रित होकर चावल पापड़ तैयार करती हैं। धीरे-धीरे उनका छोटा प्रयास एक सफल उद्यम में बदल गया। आज समूह द्वारा तैयार किए गए पापड़ स्थानीय बाजारों में अपनी पहचान बना चुके हैं और प्रतिमाह हजारों रुपये का कारोबार हो रहा है। नियमित आय मिलने से परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घरेलू जरूरतों की पूर्ति अब अधिक आसानी से हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने निर्णय स्वयं लेने में सक्षम हुई हैं।

### संवर्गवार चयन सूची जारी

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम दुर्ग अंतर्गत संविदा भर्ती के लिए 3 विभिन्न संवर्गों के 47 पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। दस्तावेज सत्यापन व लिखित, कौशल परीक्षा उपरांत अनंतिम संवर्गवार चयन, प्रतीक्षा सूची जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# बंदियों के अधिकारों, सुविधाओं एवं सुधारात्मक व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल दुर्ग का शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने महिला प्रकोष्ठ में निरुद्ध महिला बंदियों से उनकी प्रकरण की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। तत्पश्चात उन्होंने जेल में सजायाफ्ता बंदियों के अपील संबंधी प्रकरणों को अद्यतन करने एवं बंदियों को प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के निर्देश जेल अधिकारियों को दिये। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नव आगंतुक बंदियों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के विषय में बताया गया तथा जो बंदी निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता सलाह प्रदान कर उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की नियुक्ति किए जाने की जानकारी दी गई। जेल प्रशासन को ऐसे बंदी जिन्हें परिहार का लाभ दिया जा सकता है, उनके आवेदन के लंबित रहने के कारणों सहित जानकारी प्राधिकरण को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग का किया गया निरीक्षण

### संवाद स्थापित कर ली जानकारी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने मुख्य रूप से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्पूहा योजना 2025 के अंतर्गत जेल में निरुद्ध कैदियों से संवाद स्थापित कर उनके आश्रित परिवारजनों को होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं व्यवहारिक कठिनाइयों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा कैदियों से यह जाना गया कि उनके कारावास की अवधि के दौरान उनके आश्रित जैसे पत्नी, बच्चे एवं वृद्ध माता-पिता को आजीविका, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य उपचार, भरण-पोषण एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



### स्पूहा योजना के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता

इस अवसर पर उनके द्वारा यह निर्देशित किया गया कि स्पूहा योजना के अंतर्गत ऐसे पात्र कैदियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों की पहचान कर उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाए तथा उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि पैरालीगल वालेंटियर्स के माध्यम से आश्रित परिवारों का फील्ड स्तर पर सत्यापन कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि कैदियों के परिवारजनों को सामाजिक सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जा सके। उन्होंने निरीक्षण के उपरांत संबंधित अधिकारियों

## शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने स्थल निरीक्षण कर दी हिदायत

# दो करोड़ की लागत से बनेगी 100 साल पुराने डीईओ कार्यालय की बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग जिला मुख्यालय स्थित 1904 में बने 100 वर्ष से अधिक पुराने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय भवन का शीघ्र ही नवनिर्माण किया जाएगा। करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से यह भवन तैयार होगा। लंबे समय से जिले की शिक्षा व्यवस्था के संचालन का केंद्र रहे इस ऐतिहासिक भवन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा।

जर्जर हो चुके वर्तमान भवन के स्थान पर बनने वाला नया कार्यालय शिक्षा प्रशासन को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी, पारदर्शी एवं जनसुविधा के अनुरूप बनाएगा। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इस जर्जर भवन का संबंधित अधिकारियों व इंजीनियर के साथ पुराना भवन का निरीक्षण कर जल्द ही ड्राइंग डिज़ाइन तैयार करने निर्देश दिए। नवीन भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण, अभिलेखों के सुरक्षित संधारण, डिजिटल कार्यप्रणाली तथा शिक्षक, पालक एवं आम नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे शिक्षा विभाग के प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सहायता मिलेगी।

## नए भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मिलेगा बेहतर कार्य वातावरण

### संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था केंद्र होगा यह भवन- शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय केवल एक प्रशासनिक भवन नहीं, बल्कि जिले की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था का प्रमुख केंद्र होता है। यहीं से विद्यालयों के संचालन, शिक्षकों की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों के हितों, शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचारों तथा शासन की शिक्षा संबंधी योजनाओं का प्रभावी संचालन और अनुश्रवण किया जाता है। इसलिए इस कार्यालय का आधुनिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित होना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नया भवन राशि स्वीकृति होने के बाद निर्माण प्रारंभ होगा। उन्होंने आगे कहा की शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव होती है। बेहतर कार्यालयीन व्यवस्था से प्रशासनिक कार्यों में रदर्शिता और दक्षता बढ़ती है, जिससे विद्यालयों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचता है और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। मंत्री श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में केवल विद्यालयों के उन्नयन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा से जुड़े प्रत्येक संस्थान एवं प्रशासनिक व्यवस्था को भी सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। दुर्ग के डीईओ कार्यालय का नवनिर्माण इसी सोच का परिणाम है, जो आने वाले वर्षों में जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और नई मजबूती प्रदान करेगा। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, सहायक संचालक अमित घोष विशेष रूप से मौजूद रहे।





### मंत्री यादव की जुड़ी है इस भवन से यादें

जर्जर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को नए स्वरूप देने के लिए तीन बार पहले भी कार्ययोजना बनाई जा चुकी है। कार्ययोजना को जिम्मेदारों ने अमलीजामा नहीं पहनाया। इसलिए यह भवन अब भी जर्जरावस्था का दंश झेल रहा है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की इस भवन से पुरानी यादें भी जुड़ी है। स्काउट गाइड का कार्यालय के रूप में भी इस भवन के कुछ कमरे संचालित होते रहे हैं। इन कमरों में स्वयं श्री यादव बैठकर स्काउट-गाइड की गतिविधियों को संचालित करते रहे हैं। वर्ष 2015 में छत्तीसगढ़ स्काउट - गाइड के गजेंद्र यादव राज्य आयुक्त के पद पर रहे। यहां उन्होने कई बैठकें की।

# 119 अधिकारी- कर्मचारियों को मिला नेहरू पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी की नेहरू अवार्ड योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह का प्रथम चरण शनिवार को आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस पुरस्कार वितरण समारोह के प्रथम दिन संयंत्र के कुल 119 पुरस्कारों को तीन श्रेणियों जवाहर पुरस्कार, नेहरू पुरस्कार तथा जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के द्वितीय चरण में वर्क्स क्षेत्र के अन्य समूह पुरस्कार विजेताओं को आगामी सोमवार को सम्मानित किया जाएगा।

■ तीन श्रेणियों जवाहर पुरस्कार

समारोह के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक प्रभारी बीएसपी और कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन अजय कुमार चक्रवर्ती थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रवीण निगम, पवन कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, तुषार कांत, कमल भास्कर तथा डॉ. विनीता द्विवेदी उपस्थित रहीं। समारोह में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण, ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, पुरस्कार विजेता तथा उनके परिजन भी उपस्थित थे। नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह के प्रथम दिवस जवाहर पुरस्कार श्रेणी में 33 अधिकारियों को उनके व्यक्तिगत योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नेहरू पुरस्कार श्रेणी में 63 कर्मचारियों को व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार श्रेणी में 23 समूहों को उनके सामूहिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस प्रकार प्रथम चरण में कुल 119 पुरस्कारों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयंत्र की प्रगति एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।एके चक्रवर्ती, ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ये पुरस्कार उनके समर्पण, प्रतिबद्धता तथा संगठन की प्रगति में दिए गए उत्कृष्ट योगदान का सम्मान हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि ये पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से प्रदान किए जाते हैं, किंतु वे पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों के भी प्रतीक हैं। जेएन ठाकुर ने अतिथियों, पुरस्कार विजेताओं और उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए नेहरू पुरस्कार योजना की रूपरेखा और वर्ष 2025 के पुरस्कारों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

# तीन वार्डों में बनेगी सड़क, नाली एवं पुलिया महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर अलका बाघमार ने आज वार्ड 2 राजीव नगर में आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण कार्य एवं देवेंद्र कसेर से आजाद दुर्गा चौक तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य के अलावा वार्ड 21 आशा नगर बंद गली में सीसी रोड निर्माण, सड़क नंबर 14 आशा नगर व सिंधिया नगर में नाली, पुलिया एवं वार्ड 51 दुर्गा चौक प्रगति नगर में सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य शिव नायक, पार्षद विद्यावती सिंह,पार्षद साजन जोसफ, गोविंद्र देवांगन, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

बता दे कि वार्ड 2 राजीव नगर में आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण कार्य लागत 15.25 लाख के अलावा देवेंद्र कसेर से आजाद दुर्गा चौक तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 10 लाख और वार्ड 21 नाली, पुलिया 9.92 एवं आशा नगर बन्द गली में सीसी रोड निर्माण 9.92 से होगा। निर्माण कार्य के अलावा वार्ड 51 मधुबन नगर ठाकुर के घर से एक्का के घर तक गली नं. 1 से 3 तक सीमेंट सड़क निर्माण कार्य लागत राशि 8 लाख, बोरसी उत्तर में पंचशील सेक्टर बी. के सड़क 4 नरेन्द्र वर्मा के घर से कमलेश साहू के घर तक आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण लागत राशि 21.25 लाख एवं वार्ड 51 प्रदिप्ती नगर में 80 फिट रोड में रामटेके के घर तक रोड़ व नाली निर्माण कार्य लागत राशि 9.81 लाख का भूमिपूजन किया गया। महापौर ने भूमिपूजन के पश्चात कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान महापौर अलका बाघमार ने वार्डवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। नागरिकों ने पेयजल, साफ-सफाई, सड़क एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े विषयों को उनके समक्ष रखा।



### भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭मुरमुंदा ओखरा

महिला मोर्चा मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष शारदा जांगड़े ने कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें उपाध्यक्ष अर्चना गोस्वामी, लक्ष्मी देवांगन, लता वर्मा, पुनेश्वरी साहू, महामंत्री यमुना साहू, सरिता मढ़रिया, मंत्री विजयलक्ष्मी पांडे, गिरजा साहू, मोहनी बंछोर, नीरा यादव, लुनिमा मढ़रिया, कोषाध्यक्ष वंदेश्वरी साहू और क्षमा शामिल हैं।

# कम बल के साथ कानून व्यवस्था को संभालना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर द्वारा शनिवार को प्रेस से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब भवन सुपेला में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिहं और वरिष्ट पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल अथिति के रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर व एसएसपी ने जिले में अपने अब तक के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान दोनों अफसरों ने जिले में कानून व्यवस्था व प्रशासनिक ढांचे पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के सवालों का भी जवाब दिया।

■ न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर का प्रेस से मिलिए कार्यक्रम

न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के अध्यक्ष अनिल गुप्ता व महासचिव दिलीप शर्मा ने कलेक्टर व एसएसपी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने प्रेस क्लब की गतिविधियों से अवगत कराया और क्लब के संधारण के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह के समक्ष मांग रखी। महासचिव दिलीप शर्मा ने अतिथियों को प्रेस क्लब की सामाजिक,रचनात्मक गतिविधियों, पत्रकार कल्याण योजनाओं और भावी कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि दुर्ग जिले में तीन अलग-अलग क्षेत्र हैं और सभी की अलग व्यवस्था है। एक ओर भिलाई टाउनशिप, दूसरी ओर पटरी पार का क्षेत्र और तीसरा दुर्ग शहर। इसके साथ ही एक बड़ा क्षेत्र देहात भी है। 25 लाख से अधिक की आबादी के लिए दो हजार से कुछ ज्यादा का पुलिस बल काम कर रहा है। इतने कम बल के साथ पूरे जिले की कानून व्यवस्था को संभालना एक बड़ी चुनौती है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यकाल के कुछ किस्से भी साझा किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रेस क्लब के पदाधिकारी, सदस्य व अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।





### कलेक्टर ने प्रशासन-मीडिया के बीच बेहतर समन्वय पर दिया बल

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मीडिया को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए शहर और जिले के विकास में पत्रकारों की सकारात्मक भूमिका की सराहना की और प्रशासन-मीडिया के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया। उन्होंने बताया कि 2012 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन के बाद केन्द्र सरकार के अधीन कार्य किया। दुर्ग जिला कलेक्टर के तौर पर यहां काम करना काफी सुखद रहा। उन्होंने बताया कि दुर्ग जिले की भौगोलिक स्थिति व यहां की मांग के अनुसार प्रशासन का कार्य करना चुनौती पूर्ण रहा है। कार्यक्रम के समापन पर प्रेस क्लब की ओर से दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## जिलेभर में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन

# सहकारिता सप्ताह, किसानों की आय बढ़ाने पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक जिले में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग द्वारा दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले की 402 प्राथमिक कृषि साख समितियों में विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य सहकारिता को सशक्त बनाना तथा कृषकों की आय में वृद्धि के लिए नई योजनाओं की जानकारी देना है। शनिवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के सभा भवन में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप (बॉबी) ने कार्यक्रमों की जानकारी दी।

■ 402 समितियों में होगा ध्वजारोहण




उन्होंने बताया कि 29 जून को सभी समितियों में ध्वजारोहण एवं बायलॉज वाचन के साथ सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ होगा। इसी दिन सहकार सदस्यता अभियान तथा दुग्ध एवं मत्स्य समितियों की भूमिका पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 जून को जिला सहकारी विकास समिति की बैठक एवं एफपीओ तथा पैक्स की भूमिका पर चर्चा होगी। 1 जुलाई को ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक छिड़काव का प्रदर्शन, कृषि संगोष्ठी एवं मृदा स्वास्थ्य पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। 2 जुलाई को मॉडल पैक्स का भ्रमण, माइक्रो एटीएम, केसीसी एवं रुपे केसीसी कार्ड वितरण किया जाएगा। 3 जुलाई को वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान तथा सहकारी समाचार पत्र के प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम होगा। 4 जुलाई को सहकार संकल्प दौड़ और जनऔषधि केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 जुलाई को निबंध, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं के साथ सदस्यता वृद्धि अभियान चलाया जाएगा। समापन 6 जुलाई को सहकार प्रेरणा पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

### विशेषज्ञ प्रशिक्षक देंगे किसानों को प्रशिक्षण

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के दौरान इफको और कृभको के प्रशिक्षकों के साथ बैंक के विषय विशेषज्ञ भी किसानों को आधुनिक कृषि एवं सहकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि जिले में मत्स्य एवं दुग्ध उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं और इन क्षेत्रों में समितियों एवं सदस्यों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। श्वेत क्रांति को बढ़ावा देने के लिए ऋण योजनाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा। खाद की उपलब्धता के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर श्री बेलचंदन ने बताया कि बैंक से जुड़ी सभी समितियों में डीएपी को छोड़कर अन्य सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। डीएपी खाद की आपूर्ति भी शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। प्रेसवार्ता में बैंक उपाध्यक्ष नरेश यदु, पूर्व संचालक रमाकांत द्विवेदी, शिव चंद्राकर, लखनलाल गुरुपंच, जिला भाजपा महामंत्री दिलीप साहू, भाजपा नेता अजय तिवारी, काशीनाथ शर्मा तथा बैंक के सीईओ सुनील वर्मा मौजूद रहे।

# बाढ़ नियंत्रण व मानिटरिंग के लिए प्रकोष्ठ का किया गया गठन



दुर्ग। मानसून सीजन 2026 के दौरान संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा नागरिकों को त्वरित राहत एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस संबंध में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार कार्यालय भवन में कंट्रोल रूम स्थापित कर जून से 24 घंटे संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की संपूर्ण मॉनिटरिंग एवं कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद्र थवानी को नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी गई है। उनके सहयोग के लिए स्वास्थ्य, अभियंत्रिकी एवं कार्यशाला शाखा के अधिकारियों की टीम गठित की गई है। साथ ही कंट्रोल रूम के सुचारु संचालन के लिए सप्ताह के सातों दिन एवं रात्रि पाली में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। नगर निगम ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि मानसून अवधि के दौरान जलभराव, बाढ़ अथवा अन्य आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए निगम का बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहेगा तथा जनसुरक्षा एवं राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## समस्या : प्रमोशन के बाद नहीं मिली नई पदस्थापना, छात्रों का भविष्य अधर में

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहे कोलेगांव के स्कूल, पढ़ाई पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित प्राथमिक शाला और हाई स्कूल में लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से छात्र-छात्राओं की नियमित पढ़ाई और पाठ्यक्रम पूरा कराने में कठिनाई आ रही है। पिछले शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शिक्षकों की कमी की गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं। पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और समय पर पाठ्यक्रम पूरा कराना विद्यालय प्रबंधन के लिए चुनौती बन गया है।

ग्रामीणों एवं अभिभावकों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों तथा समाचार माध्यमों के जरिए इस समस्या से शासन-प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। पहले से पदस्थ कुछ शिक्षकों का पदोन्नति के बाद अन्य स्थानों पर स्थानांतरण हो गया, लेकिन उनके स्थान पर नए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई। इससे विद्यालयों में शिक्षकों का कार्यभार बढ़ गया है और विद्यार्थियों को कई विषयों की नियमित पढ़ाई नहीं मिल पा रही है। प्राथमिक शाला कोलेगांव में वर्तमान में प्रधान पाठक सहित केवल दो शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि यहां 69 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और प्रवेश प्रक्रिया अभी भी जारी है।

विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने के बावजूद शिक्षकों की संख्या में वृद्धि नहीं होने से प्रत्येक शिक्षक पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई है। इसका सीधा असर बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यक्तिगत मार्गदर्शन पर पड़ रहा है।

इसी प्रकार हाई स्कूल कोलेगांव में प्राचार्य सहित केवल तीन शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि कक्षा 9वीं एवं 10वीं में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में कुछ विषयों के शिक्षकों की कमी बनी हुई है, जिसके कारण संबंधित विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है।



### रिक्त पदों पर जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की जाए

ग्रामीणों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कोलेगांव के हाई स्कूल एवं पूर्व प्राथमिक शाला में रिक्त पदों पर जल्द से जल्द योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई तो विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि शिक्षा विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उनका पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके।

# बारिश बनी मुसीबत, घरों में घुसा गंदा पानी, गलियां तालाब में तब्दील

## सीसी रोड व पक्की नाली नहीं होने से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बारिश शुरू होते ही ग्राम पंचायत नेवारी के कई वार्डों में जलभराव और कीचड़ की समस्या ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सीसी रोड और पक्की नाली के अभाव में बारिश का पानी और घरों से निकलने वाला गंदा पानी गलियों में भरकर अब लोगों के घरों तक पहुंचने लगा है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों पर गलियां तालाब में तब्दील हो गई हैं और लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को पहले भी कई बार उठाया जा चुका है। पंचायत द्वारा अस्थायी समाधान के तौर पर गलियों में मुरुम डलवाया गया था, लेकिन बारिश के बाद वही मुरुम कीचड़ में बदल गया। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से समस्या पहले से और गंभीर हो गई है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं मवेशियों के आवागमन में भी कठिनाई हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष बरसात के मौसम में यही स्थिति निर्मित होती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। गांव में सीसी रोड और पक्की नाली का निर्माण नहीं होने से बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है।

समस्या से परेशान वार्डवासियों ने उप मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक विजय शर्मा को आवेदन सौंपकर सीसी रोड और नाली निर्माण की मांग की है। वहीं कांग्रेस नेता तुकाराम चंद्रवंशी ने भी गांव का दौरा कर समस्या का जायजा लिया और शासन-प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की थी।

### ग्रामीण रहवासी मूलभूत सुविधा से वंचित

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के दौरान होने वाली इस गंभीर समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द सीसी रोड और पक्की नाली निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कर कार्य शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को हर साल होने वाली परेशानी से स्थायी राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो कुण्डा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित







**कुण्डा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कबीरधाम ने मंडल संगठन का विस्तार करते हुए कुण्डा मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश एवं जिला नेतृत्व की सहमति से जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने देवेंद्र चंद्रवंशी को कुण्डा मंडल अध्यक्ष तथा निलेश गुप्ता एवं फिरतू साहू को मंडल महामंत्री नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन की विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए सक्रियता से कार्य करने का भरोसा दिलाया। नियुक्ति के बाद विधायक भावना बोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी सहित भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तीनों पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### कुण्डा में डीएलपी प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**कुण्डा।** भाजपा कुण्डा मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी) की मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रुबान भवन, कुंडा में किया गया। कार्यशाला में बूथ स्तर तक संगठन को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और सभी 70 बूथों पर डीएलपी प्रशिक्षण सुनिश्चित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश नेतृत्व के निर्देश, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन तथा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में हुआ। मंडल अध्यक्ष ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संगठन में डिजिटल तकनीक की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। मंडल प्रभारी रूपेश जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यशाला में विषय प्रशिक्षक के रूप में युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के संचालन, उपयोग और प्रशिक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

# पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात 135वें कड़ी पदाधिकारियों ने सुनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित मन की बात भारत के प्रधानमंत्री का एक लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम के 135वें कड़ी मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण कवर्धा विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 267 के प्रमुख पदाधिकारियों ने सुना मन की बात।

इस 135वें कड़ी में प्रधानमंत्री ने अपने प्रेरणादायी विचारों के माध्यम से जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उनके संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्राकर, ज्योति चंद्राकर, कमलेश द्विवेदी, भोलाराम सिन्हा, परमेश्वर साहू, मणिशंकर साहू, गजानंद साहू, गोपाल साहू, दुर्गेश जायसवाल, संतोष गोस्वामी, श्रीमती ज्योति केशरवानी, श्रीमती पिंकी साहू, श्रीमती श्रद्धा चंद्रवंशी, श्रीमती सुमन गुप्ता, सुशील कुमार झारिया, प्रदीप आस्था, मनीराम साहू, सहित बूथ पदाधिकारीयों के साथ मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना गया।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो मुक्त भारत के लिए हर बच्चे को मिले दो बूंद जिंदगी की: अग्रवाल

- 0 से 5 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियों दवा पिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिलेभर में रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। ग्राम रौचन स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में अभियान का शुभारंभ जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया।



इस अवसर पर नितेश अग्रवाल ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी पालकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाए रखना है और इसमें जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बचपन ही विकसित भारत की मजबूत नींव है। प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, सुरक्षित और पोलियो जैसी बीमारी से पूरी तरह मुक्त रह सके।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, राजेश साहू, लक्ष्मण श्रीवास, कुपलाल साहू, बाली पटेल, मालिक राम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें। अभियान के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर लोगों को नियमित टीकाकरण के प्रति भी जन-जागरूक किया गया।

# कबीरधाम भाजयुमो में संगठन विस्तार, 14 मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्रियों की घोषणा

- नई टीम को युवाओं को संगठन से जोड़ने और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजयुमो ने संगठन विस्तार के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की नियुक्ति की है। प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिला संगठन की सहमति से जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने नई टीम की घोषणा की।

जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता उसकी सबसे बड़ी ताकत है। नई टीम युवाओं को संगठन से जोड़ने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। घोषित सूची के अनुसार कवर्धा शहर मंडल का अध्यक्ष डोनेश राजपूत, कवर्धा ग्रामीण का खिलेश बंजारे, बोड़ला का अजय वर्मा, पिपरिया का शैलेन्द्र साहू, लोहारा का जितेन्द्र पाली, रेंगाखार का राजेश निषाद, भोरमदेव का धर्मेन्द्र पटेल, रणवीरपुर का सूर्या कौशिक, पंडरिया का हरी साहू, कुण्डा का देवेन्द्र चन्द्रवंशी, दुल्लापुर का परमेश यादव, इन्दौरी का उमेश्वर साहू, कुकदूर का राकेश पंदराम तथा पांडातराई का सिद्धांत मिश्रा को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। सभी मंडलों में दो-दो महामंत्रियों की भी नियुक्ति की गई है।



### नई टीम पर संगठन विस्तार और जनसंपर्क बढ़ाने की जिम्मेदारी

भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारियों का दायित्व केवल संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने, बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, जनहित के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य भी करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा की नई टीम संगठन को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेगी।

# शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को गणवेश, पुस्तक व सायकिल वितरित

- गणवेश, पुस्तक व सायकिल पाकर खिल उठें चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रणवीरपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वीरेंद्र नगर में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 ली, छठवीं एवं नवमी कक्षा के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, नई स्कूल ड्रेस तथा नवमी कक्षा के विद्यार्थियों को सायकिले वितरण किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। सायकिल पाकर छात्राओं ने खुशी जताई। बताया गया कि इससे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी पढ़ाई भी प्रभावित नहीं होगी। शाला प्रवेश उत्सव में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मालिक राम पटेल, उपाध्यक्ष संतोष साहू, पंचगण, पालक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम में प्राचार्य देवेंद्र कुमार नेताम, बीआर कौशिक, बीएस नेताम, जनकराम मोहले सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता निभाई।



## पेज 9 के शेष

### कारेसरा मोड़ के पास सड़क ...

कर जांच शुरू कर दी। फिलहाल दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हादसा तेज रफ्तार, वाहन की तकनीकी खराबी, सड़क की स्थिति अथवा किसी अन्य कारण से हुआ।

### महामाया मंदिर के पीछे जुआ ...

2022 की धारा 3(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है। मौके से कुल 6,200 नकद एवं 52 पत्ती ताश जब्त की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक विजयेन्द्र सिंह कश्यप, निधि गुप्ता, आरक्षक सौरभ सिंह सहित सिटी कोतवाली पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विधायक दीपेश ने किया राष्ट्रीय ...

गए हैं तथा 14 ट्रांजिट टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि 28 जून को बूथ दिवस के रूप में सभी निर्धारित केंद्रों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। वहीं 29 एवं 30 जून को अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर पोलियो की खुराक उपलब्ध कराएंगी, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे।

### हर बच्चे तक पहुंचे पोलियो ...

कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, शिक्षा विभाग तथा मितानिन कार्यक्रम का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से अभियान को सफल बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान युगल देवांगन, संदीप यादव, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष रेवाराम निषाद, करण साहू, रुद्राक्ष साहू, गोपी देवांगन, पिंकी नेमा गुप्ता, रोहित साहू, गौकरण साहू, वैभव तिवारी सहित जिला चिकित्सालय के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र के काले दिवस ...

आयोजन भी किया गया। मुख्यमंत्री स्वयं विभिन्न परिवारों से मिलकर आपातकाल के संघर्षों और स्मृतियों की जानकारी लेते रहे। इस भव्य आयोजन में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी परिवार उपस्थित रहे,कार्यक्रम राष्ट्रगान एवं लोकतंत्र सेनानियों के अभिनंदन के साथ संपन्न हुआ।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के नवीनतम संस्करण का प्रसारण रविवार को केंद्र क्रमांक-4, कोबिया वार्ड नंबर-9 के बूथ क्रमांक-38 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करने का आह्वान किया। इसके साथ ही जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी, विकसित भारत के निर्माण, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास तथा राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी शहर मंडल बेमेतरा कमलेश वर्मा, भाजपा नेता गोलू कोसले, वरिष्ठ भाजपा नेता देवनाथ पाल, अजीज कुरैशी, सुखने वर्मा, उमेश यादव, निलेश वर्मा, प्रीतम वर्मा, कोमल पाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यात्री प्रतिक्षालय का किया लोकार्पण

**राजनांदगांव।** मोहारा वार्ड विकास घोषणा अंतर्गत विधायक निधि अंतर्गत मोहारा में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित यात्री प्रतिक्षालय का आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह ने फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू की उपस्थिति रही। मोहारा में यात्री प्रतिक्षालय लोकार्पण अवसर पर मोहारावासियों की उपस्थिति देखकर उन्होंने कहा कि इस छोटे से कार्यक्रम में इतनी अधिक संख्या में वार्डवासियों के उत्साह को दर्शाता है। मोहारावासियों की सुविधा के लिए विधायक निधि से यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे।

### मेगा करियर गाइडेंस फेयर का शानदार आयोजन

**राजनांदगांव।** युवाओं के भविष्य को सही दिशा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब ऑफ नांदगांव एवं इंटेक के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल मेगा करियर गाइडेंस फेयर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजनांदगांव के 12वीं पास विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण लायंस के वरिष्ठ सदस्य लायन अशोक कोटडिया के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और उनके पालकों ने हिस्सा लिया। लायंस क्लब ऑफ नांदगांव अध्यक्ष राजेश कोटडिया ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में छात्रों को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते इस फेयर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के प्रभारी राहुल लालवानी ने बताया कि इस मेगा फेयर में देश के लगभग 20 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। फेयर में पहुंचे 300 से अधिक बच्चों को विभिन्न उच्च शिक्षा कोर्सेज, करियर के नए विकल्पों तथा मिलने वाली स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) के बारे में विस्तार से जागरूक और मार्गदर्शित किया गया।

**अभियान : सार्वजनिक स्थानों पर भी कैम्प लगाकर ड्राप पिलाई गई**

# पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत, 62 गांवों में बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खम्हरिया



रविवार को आयोजित सघन राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो के सभी गांव में व्यापक स्तर पर बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए दो बूंद पोलियो ड्राप पिलायी गयी।

- तहसील क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलो पर कैम्प लगाकर दी पोलियो की दवा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत सभी आंगनबाडी केन्द्र सहित बस स्टैण्ड व बाजार जैसे सार्वजनिक स्थानो पर भी कैम्प लगाकर ड्राप पिलाई गयी।

थान खम्हरिया मे 12 केन्दो मे एक साथ इस अभियान के तहत 0-5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो से बचाव हेतु दवा पिलायी गयी।इस अभियान को सफल बनाने तहसील क्षेत्र के 62 गांव मे सैकडो वैक्सीनेटर और स्वास्थ्य कर्मी विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किए गए हैं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए।आज सुबह आंगनबाडी केन्द्र मे नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बच्चो को ड्राप पिलाकर अभियान की शुरूआत की जबकि समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी मे सरपंच हरदत्त साहू उमरावनगर मे राजेश साहू,खपरी धोबी मे गिरधारी निर्मलकर,दर्री मे सावित्री यादव सहित सभी पंचायतो मे सरपंचो,जनपद व जिला पंचायत सदस्यो ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान से जुडे, वंचित बच्चो को 29 व 30 जून को घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम पोलियो की खुराक देंगे। गौर तलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए माइक्रोप्लान का सत्यापन, वैक्सीन की उपलब्धता, कोल्ड चेन प्रबंधन और आवश्यक लॉजिस्टिक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की थी। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षकों और टीकाकरण दलों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

#### घर-घर पहुंचेंगी स्वास्थ्य विभाग की टीमें

बूथ दिवस के बाद 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच पाएं है। अभियान के दौरान दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, वनांचल इलाकों, शहरी बस्तियों, ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों तथा प्रवासी एवं घुमंतू परिवारों के बच्चों तक विशेष पहुंच सेवा बनाई गयी है।इस प्रकार आज थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे पल्स पोलियो अभियान में अभिभावको ने बढचढ कर हिस्सा लिया और 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को केन्दो मे ले जाकर दवा पिलाई।

### अकलवारा में पोलियो की खुराक पिलाई गई



**बेमेतरा।** दो बूंद जिन्दगी की, पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत ग्राम अकलवारा विकासखंड साजा में भी 0 से 5 वर्ष तक के नन्हें बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई गई। ग्राम के सरपंच विजय कुमार साहू ने पोलियो की दो बुंद पिलाकर इस अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मितानिन नीरा यादव, महेश्वरी साहू, खेमिन साहू, रानी सेन, आंगनबाड़ी सहायिका मानबाई साहू, निर्मला साहू, कोटवार पूना राम चौहान, मितानिन प्रशिक्षण ईश्वरी निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित थे। ग्राम के सरपंच विजय कुमार साहू, देवेन्द्र साहू और ध्रुव साहू ने बताया कि सुबह से मितानिन बहनों ने आंगनबाड़ी भवन में ग्राम के 0 से लेकर 5 वर्ष तक के छोटे छोटे बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई। सरपंच विजय कुमार साहू, देवेन्द्र साहू और ध्रुव साहू ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की 'दो बूंद' पिलाई जा रही है। ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से हमेशा सुरक्षित रखा जा सके। इस अभियान में दी जाने वाली दवा बिल्कुल सुरक्षित है। और यह नियमित टीकाकरण से अलग होती है।

- सरपंच विजयने बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाकर की शुरुआत

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत नवागढ़ विकासखंड में पहले ही दिन 98 प्रतिशत लक्ष्य हासिल

**नवागढ़।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को नवागढ़ विकासखंड में व्यापक स्तर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों के संयुक्त प्रयास से पहले ही दिन अभियान ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया। अभियान के दौरान बूथों पर अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर बीमारी से सुरक्षित रखने में सहयोग दिया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार विकासखंड में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 25,005 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। पहले दिन 24,509 बच्चों को दवा पिलाई गई, जो कुल लक्ष्य का 98 प्रतिशत है। जिन बच्चों तक किसी कारणवश रविवार को टीम नहीं पहुंच सकी, उन्हें आगामी घर-घर भ्रमण के दौरान पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

अभियान के सफल संचालन के लिए पूरे विकासखंड में 214 बूथ टीमों, 31 सुपरवाइजरों तथा 5 सेक्टर अधिकारियों की तैनाती की गई थी। सभी टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बूथों पर व्यवस्थाएं संभालते हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई और अभिभावकों को नियमित टीकाकरण एवं पोलियो उन्मूलन के महत्व की जानकारी भी दी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अभियान की सतत निगरानी करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- 25,005 में से 24,509 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक, छूटे बच्चों तक घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य टीम

ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एम. रज़ा ने बताया कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दो बूंद पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। नवागढ़ ब्लॉक में पहले दिन 98 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त होना सभी स्वास्थ्यकर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा अभिभावकों के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। जिन बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके हैं, उनके लिए घर-घर अभियान चलाया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी कारणवश उनका बच्चा पोलियो की दवा नहीं पी सका है तो घर-घर भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य टीम को सहयोग करें और अपने बच्चे को अवश्य पोलियो की खुराक दिलाएं। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान में जनभागीदारी ही पोलियो मुक्त भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

### मिंटू बिसेन ने बच्चों को पिलाई पोलियों की खुराक



**नवागढ़।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत भाजपा नेता मिंटू बिसेन ने पोलियो बूथ पहुंचकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। उन्होंने अभिभावकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और सभी बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक दिलाने की अपील की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

## नवागढ़ में मानसून की दस्तक, झमाझम बारिश, किसान जुटे खेती की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़



लंबे इंतजार के बाद रविवार शाम आखिरकार मानसून ने नवागढ़ में दस्तक दे दी। करीब आधे घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत पहुंचाई, वहीं सूखे खेतों में नई उम्मीद जगा दी। बारिश के साथ ही किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई।

- आधे घंटे की बारिश से खेतों को मिली संजीवनी, धान की बुवाई की बढ़ी उम्मीद

धान की खेती के लिए तैयार खेत कई दिनों से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। अधिकांश किसानों ने जुताई पूरी कर बीज और खाद की व्यवस्था कर ली थी, लेकिन पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण बुवाई शुरू नहीं हो पा रही थी। रविवार की बारिश ने खेतों को शुरुआती संजीवनी दी है। हालांकि किसानों का कहना है कि खेती पूरी तरह पटरी पर लाने के लिए अब लगातार अच्छी बारिश की जरूरत होगी। उन्नत किसान रोशन धर दीवान ने कहा कि रविवार की बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में यदि दो-चार अच्छी बारिश और हो जाए तो धान की बुवाई तेजी से शुरू हो जाएगी।

किसान कृष्णा यादव ने कहा कि इस बारिश ने खेती को लेकर नई उम्मीद जगा दी है। वहीं मिथलेश पुरबिया का कहना है कि बारिश से उमस से राहत मिली है और अब खेतों के साथ किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौटेगी।

किसान भागवत सोनकर ने कहा कि अच्छी बारिश ने किसानों के मन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। मानसून की पहली अच्छी बारिश से क्षेत्र में खेती-किसानी की गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। किसान अब आगामी बारिश का इंतजार कर रहे हैं, ताकि धान की बुवाई का कार्य पूरी रफ्तार से शुरू किया जा सके।

## केंवतरा स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई गई सद्गुरु कबीर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला केंवतरा, विकासखंड साजा में महान संत सद्गुरु कबीर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शाला की नवाचारी शिक्षिका वर्षा जैन ने महान संत सद्गुरु कबीर का आकर्षक चित्र बनाकर बच्चों को महान संत सद्गुरु कबीर के जीवन से परिचित कराया गया, उनके दोहों व साखी में निहित सत्य कथन से बच्चों को जीवन की सच्चाई समझाई गई। सद्गुरु कबीर जयंती के अवसर पर संस्था के सभी शिक्षकों धर्मेंद्र कुमार गायकवाड, तुलसी कन्नोजे, दिलीप मरकाम, देवेंद्र चंद्रा, सुखचैन दास जोशी ने संत कबीर दास जी के बारे में छात्र छात्राओं को बताया। शिक्षिका तुलसी कन्नौजे ने सद्गुरु कबीर जी के दोहे बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय। जो मन खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय॥ का अर्थ समझाते हुए कहा कि, जब मैं इस संसार में बुराई खोजने निकला, तो मुझे कोई भी बुरा इंसान नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने खुद के मन में झाँककर देखा, तो पाया कि मुझसे अधिक बुरा या स्वार्थी कोई और नहीं है। अर्थात, हमें दूसरों में कमियाँ निकालने से पहले अपने अंदर की कमियों को दूर करना चाहिए। धर्मेंद्र गायकवाड ने कहा कि माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।कर का मन का डार दे, मन का मन का फेर॥

- गुरु का स्थान सबसे ऊपर है क्योंकि गुरु ने ही हमें ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है




इस दोहे के माध्यम से उन्होंने बच्चों को बताया कि मनुष्य जीवन भर हाथ में माला फेरता रहता है, फिर भी उसके मन की चंचलता और अशांति दूर नहीं होती। महान संत सद्गुरु कबीर कहते हैं कि हाथ की माला फेरना छोड़कर अपने मन के विचारों (मोतियों) को बदलो, क्योंकि सच्चा ध्यान मन को नियंत्रित करने से ही मिलता है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक एन पी शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को महान संत सद्गुरु कबीर की कही गई वाणी को अपने आचरण में अपनाने हेतु प्रेरित किया।

## बूथ क्रमांक 28 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात' का 135वां संस्करण



बेमेतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 135वां संस्करण रविवार को बेमेतरा शहर के वार्ड क्रमांक 6 मोहभट्ठा स्थित बूथ क्रमांक 28 में सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा की उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वर्षा जल संरक्षण, खेल जगत की उपलब्धियों, अंधविश्वास से बाहर निकलकर वैज्ञानिक सोच अपनाने तथा विभिन्न समसामयिक विषयों पर देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने नागरिकों से जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद प्रतिनिधि शिव पाटिल, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र दुबे, राजकुमार निषाद सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**आंध्र प्रदेश से मंगाए दुर्लभ नस्ल के बछड़े, कम दूध लेकिन अधिक फैट और कम चारे की वजह से खास पहचान**

## बेमेतरा में पहली बार पहुंची पुंगनूर नस्ल की गाय, किसान अरुण दुबे ने की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़



जिले में अब तक लोग बड़ी-बड़ी विदेशी नस्लों की गायों की चर्चा करते थे, लेकिन इस बार चर्चा एक ऐसी गाय की है, जिसका कद भले ही छोटा हो, पर उसकी पहचान और कीमत दोनों बड़ी हैं। ग्राम देवरी के किसान अरुण दुबे ने आंध्र प्रदेश से दुर्लभ पुंगनूर नस्ल के एक नर और एक मादा बछड़े मंगाकर जिले में नई शुरुआत की है। इसके साथ ही वे बेमेतरा जिले में इस नस्ल का पालन करने वाले पहले किसान बन गए हैं।

कहते हैं कि अच्छी चीजें आकार से नहीं, गुणों से पहचानी जाती हैं। पुंगनूर नस्ल इस कहावत को सच साबित करती है। जहां कई पशु पालक अब भी सिर्फ ज्यादा दूध देने वाली नस्लों के पीछे भाग रहे हैं, वहीं अरुण दुबे ने भारतीय दुर्लभ नस्ल के संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण दूध को प्राथमिकता देकर अलग सोच का परिचय दिया है। करीब 12 से 13 माह उम्र के दोनों सफेद बछड़ों के सिर और कान पर भूरे धब्बे, बड़ी आंखें, छोटा कद और पीठ पर हल्का कूबड़ इन्हें आकर्षण का केंद्र बना रहे हैं। दुनिया की सबसे छोटी गायों में गिनी जाने वाली इस नस्ल की वयस्क गाय की ऊंचाई मात्र 70 से 90 सेंटीमीटर और वजन 115 से 200 किलोग्राम तक होता है।

पुंगनूर नस्ल रोजाना 3 से 5 लीटर दूध देती है, लेकिन इसकी खासियत मात्रा नहीं बल्कि गुणवत्ता है। इसके दूध में लगभग 8 प्रतिशत तक फैट पाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर को इसी नस्ल की गाय के दूध का भोग अर्पित किया जाता है। कम चारे में पालन, शांत स्वभाव और गर्म जलवायु में अनुकूलता इसे किसानों के लिए उपयोगी बनाती है। बाजार में इसकी शुद्ध बछिया की कीमत एक से पांच लाख रुपये तक पहुंचती है।

अरुण दुबे ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल पशुपालन नहीं, बल्कि देशी नस्लों का संरक्षण और औषधीय गुणों वाले दूध को बढ़ावा देना है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो आने वाले समय में जिले के अन्य पशुपालकों को भी इस नस्ल का लाभ मिल सकेगा। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय कुर्रे ने कहा कि जिले में पुंगनूर नस्ल के बछड़ों का पालन करने वाले अरुण दुबे पहले किसान हैं। यह पहल अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है और इससे उन्नत भारतीय नस्लों के संरक्षण को नई दिशा मिलेगी।

## अकोली पंचायत का अनूठा नवाचार, राशन लेने से पहले पौधा लगाना और उसका संरक्षण होगा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नांदघाट



ग्राम पंचायत अकोली में सरपंच सुनिता निषाद ने अपनाया नवाचार सभी राशनकार्ड धारियों को न केवल पेड़ लगाने होंगे बल्कि उनका संरक्षण संवर्धन भी करना होगा। इस तरह सबकी सहभागिता से गांव में लौटेगी हरी भरी रौनक । यह सिर्फ औपचारिकता ही नहीं रह जाए बल्कि जिम्मेदारी से इसका क्रियान्वयन हो इसके लिए उन्होने शुरुवात स्वयं से ही की है।

पंचायत में लगभग 750 कार्डधारी परिवार हैं। इसके अलावा जी राम जी द्वारा भी 5000 पौधे लगाए जाने की तैयारी कराई गई है। सबके साथ सबके विकास के लिए सबका प्रयास सुनिश्चित हो सके इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों विद्यार्थियों स्वसहायता समूहों गांव के प्रतिष्ठित बुजुर्गों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। सरपंच ने बताया कि इसके बाद प्रत्येक शिशु के जन्म के साथ ही उसके नाम से पौधारोपण कराया जाएगा । जिससे पौधे के साथ संवेदनाएं भी जुड़ी रहे। ज्ञात हो कि महज कुछ वर्ष पहले अपने रसीले आम और मीठे बिही के बगीचे के लिए छेत्र भर में प्रसिद्ध था। जिसमें भारी कमी हुई है। इसके अलावा शिवनाथ नदी तथा नाले के कारण मृदाक्षरण भी तेजी से बढ़ रहा है। जिसे सघन पौधारोपण से ही रोका जा सकता है। सरपंच सुनिता निषाद ने एक और अभिनव पहल की जानकारी दी कि समूचे नवागढ़ जनपद पंचायत के 111 पंचायत में अकोली ग्राम पंचायत ऐसी पहली पंचायत होगी जहां पंचायत वासीयों ने मूलभूत विकास के लिए स्वयं से ही प्रति राशन कार्ड आधार पर मासिक कर देने का निर्णय लिया है। जिसे पूर्ण पारदर्शी रूप में अमल में लाने की तैयारी चल रही है।